# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


*समर्थन मूल्य पर किसानों से सहकारी सोसाइटियों में धान की खरीदी की जा रही है। धान खरीदने से पहले सोसाइटी में किसानों का धान को डिजिटल माइस्चर मीटर मशीन से मापा जा रहा है। माप में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से ज्यादा पाए जाने पर धान रिजेक्ट हो रहा है। इसके कारण कई किसानों को सोसाइटी में आने के बाद भी वापस लौटना पड़ रहा है।*



ऐसी खबर पहली बार...

हरिभूमि ने जिले की कुछ सोसाइटियों में माइस्चर मीटरों के माप को परखा

# हरिभूमि ने एक ही धान अलग-अलग माइस्चर मीटर से जांचा अलग-अलग रीडिंग, रोजाना सैकड़ों किसानों के धान रिजेक्ट

रायपुर-लक्ष्मण लेखवानी/जगदलपुर-अनिल सामंत/धमतरी-दीपनारायण शर्मा/सड़क अतरिया-दामोदर वैष्णव/गंडई-विनोद नामदेव/ महासमुंद-रत्नेश सोनी/ बिलासपुर-विकास चौबे/जांजगीर -अभिषेक शुक्ला/रायगढ़ -पंकज तिवारी/तखतपुर- टेकचंद कारडा की विशेष रिपोर्ट

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, जगदलपुर और राजनांदगांव की दर्जनों सोसायटियों में डिजिटल माइस्चर मशीन की ही जांच कराई। रिपोर्ट चौंकाने वाली निकली। एक ही धान को अलग अलग सोसायटियों के माइस्चर मीटर ने अलग अलग नमी का बताया। कुछ किसान मीटर की वजह से भी अपना धान नहीं बेच पा रहे। जिले में ज्यादातर सोसाइटियों में जो 10 साल पहले खरीदी की गई माप मीटर मशीनों को ही शेष पेज 4 पर

## जांजगीर में नमी बनी परेशानी

जांजगीर और सक्ती जिले के पांच केन्द्रों में हरिभूमि की टीम पहुंची। यहां धान की नमी पाई गई तो वहां मौजूद किसानों के साथ ही समिति के मैनेजर और सुपरवाइजर भी चौंकने लगे। 2 किलो धान की नमी अलग-अलग पाई गई। बलौदा ब्लाक के पहरिया में धान की नमी 15.5 प्रतिशत रही तो वही धान पास के ही खैजा खरीदी केन्द्र में 10.5 शेष पेज 4 पर

रायपुर



## मशीनों के माप प्रतिशत में अंतर

हरिभूमि की टीम रायपुर जिले की आधा दर्जन सोसाइटियों में पहुंची। इन सोसाइटियों में से एक सोसाइटी में धान बेचने पहुंचे एक किसान के धान को मशीन के जरिए उसकी नमी को जांचा गया। जांच में धान की नमी का प्रतिशत 15.20 पाया गया। इसी धान को लेकर टीम अन्य सोसाइटियों में गई और वहां की मशीनों में भी इसे जांचा। इसमें इसका माप कहीं 13.70 तो कहीं 15.70 प्रतिशत आया। इस तरह सभी सोसाइटियों में सैंपल धान की नमी का प्रतिशत अलग-अलग पाया गया।

गंडई



## एक में रिजेक्ट, दूसरे में खरीदी लायक धान

महासमुंद




*बम्हनी उपार्जन केंद्र के चिंगरौद के किसान जनकराम सिन्हा द्वारा लाए गए धान की माप करने पर मॉइश्चर मशीन में नमी की मात्रा 18 फीसदी बताया जा रहा है। लेकिन, इसी धान को बरौंडा केंद्र में जांच करने पर यह रीडिंग 15.60 आ रही है। जिसके चलते बम्हनी में उस किसान के धान में नमी की ज्यादा मात्रा बताकर सुखाने के बाद खरीदा* शेष पेज 4 पर

## 3 समितियों के यंत्र में दिखा अंतर

नमी मापक यंत्रों के गणना में भी अंतर आ सकता है। इसकी जांच करने जब हरिभूमि की टीम 14 दिसंबर को लेकर गंडई स्थित सेवा सहकारी समिति ठंडार स्थित उप सेवा सहकारी समिति और विचारपुर स्थित सेवा सहकारी समितियों में एक ही धान को 10 किलो लेकर गई तो गंडई स्थित समिति में ले जाए गए, धान में 13 प्रतिशत नमी मशीन के डिस्प्ले में दिखा, जब उसी धान को जब ठंडार स्थित सेवा सहकारी समिति के नमी मापक यंत्र में नापा गया तो वहां मशीन के डिस्प्ले में 12.60 प्रतिशत नमी होना आया अर्थात .40 प्रतिशत सूखत नजर शेष पेज 4 पर

## कांग्रेस का 'डोनेट फॉर देश' अभियान कल से

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'डोनेट फॉर देश' नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल का कहना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे। कांग्रेस लोगों से 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये या फिर इससे 10 गुने की राशि चंदे के रूप में देने की अपील करेगी।






# नेता प्रतिपक्ष बने महंत...

बोले-मैं सबको प्यार बांटूंगा, छत्तीसगढ़ के लिए संघर्ष करेंगे

## हरिभूमि से कहा-गलती से बिखर रही कांग्रेस को एकजुट करूंगा, सबको साथ लेकर चलूंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में डॉ. चरणदास महंत को छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी देकर आलाकमान ने उन पर भरोसा जताया है। ऐलान के बाद श्री महंत ने हरिभूमि से कहा-मैं कुछ गलतियों से बिखर रही कांग्रेस को एकजुट करूंगा। सबको साथ लेकर चलूंगा। सभी कांग्रेसियों को प्यार बांटूंगा और हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ के लिए संघर्ष करेंगे। जनता को जब और जहां जरूरत होगी, खड़े होंगे। यही मेरी प्राथमिकता है यही मेरा दायित्व और कर्तव्य भी।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एआईसीसी के पर्यवेक्षक अजय माकन की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में नेता शेष पेज 4 पर

- दीपक बैज बने रहेंगे कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष



### 1980 में पहली बार विधायक बने

श्री महंत 1980 में पहली बार विधायक बने थे। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद वे कई बार विधायक रहे। वे दो बार सांसद भी रहे। उन्होंने संगठन में भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर कार्य किया। उनकों संगठन चलाने का लंबा अनुभव रहा है। पिछली विधानसभा में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपनी सफल सेवाएं दी। अब वे विपक्ष के नेता के रूप में दिखेंगे।

# सीएम, डिप्टी सीएम आज दिल्ली में करेंगे मोदी, शाह और नड्डा से मुलाकात, कैबिनेट पर चर्चा संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा रविवार को दोपहर दो बजे नियमित विमान से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। शपथ ग्रहण के बाद इनका यह पहला दिल्ली दौरा है। दिल्ली में ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ सौजन्य मुलाकात करेंगे। मुलाकात के दौरान मंत्रिमंडल पर मंथन संभव है। विधानसभा सत्र के बाद ही शेष पेज 4 पर

### विधानसभा अध्यक्ष के लिए डा. रमन आज करेंगे नामांकन



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए रविवार को विधानसभा पहुंच कर नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिले के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी साथ रहेंगे। नामांकन दाखिल कराने के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री दिल्ली के लिए रवाना होंगे। शेष पेज 4 पर

### भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से देंगे इस्तीफा

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देंगे। संभावना है कि वे 20 दिसंबर तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। डा. रमन को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। प्रदेश में 2018 में डॉ. रमन सिंह को भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया था। वे लगातार पांच सालों तक वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं। भाजपा में जेपी नड्डा के बाद उनकी संगठन में बड़ी अहमियत रही है। शेष पेज 4 पर

### रामविचार आज लेंगे प्रोटेम स्पीकर की शपथ



**रायपुर।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद विधायकों को शपथ दिलाने के लिए भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम को प्रोटेम स्पीकर बनाने का फैसला किया गया है। राजभवन में रविवार को सुबह 10.30 बजे राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा के साथ रायपुर शेष पेज 4 पर




# भारत में घुसपैठ की फिराक में लॉन्च पैड पर 250 आतंकी, सेना अलर्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर सीमा पार से आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों से सूचना मिलने के बाद बीएसएफ ने अलर्ट जारी कर दिया है। बीएसएफ के एक शीर्ष अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पाक सीमा से लगभग 250 से 300 आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं। सीमा पार लॉन्चपैड पर ये आतंकवादी मौजूद हैं। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों को अलर्ट कर दिया गया है। सीमा पार से घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। बीएसएफ के महानिरीक्षक अशोक यादव ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि खुफिया जानकारी है कि 250-300 आतंकवादी लॉन्च पैड पर इंतजार कर रहे हैं। लेकिन हम और सेना सभी संवेदनशील इलाकों पर हावी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर सीमा पार से आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों से सूचना मिलने के बाद बीएसएफ ने अलर्ट जारी कर दिया है।

■ पाकिस्तान की एक और हरकत का खुलासा

ADMISSION OPEN

DHAMTARI CHRISTIAN PARAMEDICAL COLLEGE
ESTD - 2019
TO SERVE, NOT TO BE SERVED

DHAMTARI CHRISTIAN PARAMEDICAL COLLEGE
ADMISSION OPEN FOR
ONE YEAR PARAMEDICAL TECHNICIAN CERTIFICATE COURSE
IN THE FOLLOWING STREAMS :
Only for 12th Biology Students

- PATHOLOGY TECHNICIAN
- OPERATION THEATER TECHNICIAN
- X-RAY TECHNICIAN
- ORTHOPAEDIC & DRESSER TECHNICIAN
- ECG & ICCU TECHNICIAN

Application form available from
07 - December - 2023
Last date of submission of application form is
23 - December - 2023

Address :
Second floor Dhamtari Christian Hospital
Raipur Road, Dhamtari (C.G.)-493773
Office Time : 08:00 AM to 04:00 PM

FOR MORE INFORMATION PLEASE CONTACT :
07722-296045
081770-02019
(Between 08:00 Am to 04:00 PM)

www.dchdhamtari.com www.dcpcdhamtari.com dcpcdhamtari@gmail.com

# लोकसभा में खुद को जलाना चाहते थे मनोरंजन और सागर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद में घुसपैठ करने वाले आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने संसद में खुद को आग लगाने की भी योजना बनाई थी। साथ ही संसद में पर्चे फेंकने पर भी विचार किया था। हालांकि काफी विचार के बाद उन्होंने इन दोनों विकल्पों को छोड़ दिया और आखिरकार संसद में घुसकर स्मोक कैनिस्टर से रंगीन धुंआ छोड़ने पर सहमत हुए। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि विजिटर्स गैलरी से लोकसभा चैंबर में कूदने की योजना तय करने से पहले उन्होंने कई अन्य विकल्पों पर भी विचार किया था। पुलिस ने बताया कि पहले आरोपियों ने अपने शरीर पर फायरप्रूफ जैल लगाकर संसद भवन में खुद को आग लगाने की योजना पर भी विचार किया था लेकिन बाद में ये विचार छोड़ दिया।

इसके अलावा आरोपियों ने संसद भवन में पर्चे फेंकने की भी योजना बनाई थी लेकिन आखिरकार उन्होंने लोकसभा में स्मोक कैनिस्टर से रंगीन धुंआ छोड़ना तय किया और बीते बुधवार को वैसा ही किया।



## संसद की सुरक्षा चूक मामले में छठे व्यक्ति को गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा चूक मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी महेश कुमावत गुरुवार रात मामले में एक अन्य आरोपी ललित झा के साथ थाने आया था और दोनों को विशेष शाखा के हवाले कर दिया गया था। तभी से उनसे पूछताछ की जा रही थी। आरोपी कुमावत का कहना है कि वह आरोपियों द्वारा बनाए गए 'भगत सिंह फैन क्लब पेज' का सदस्य था। यह पेज अब 'डिलीट' हो चुका है।

## भाजपा सांसद के बयान दर्ज कराएगी पुलिस

मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के भी बयान दर्ज करने पर विचार कर रही है। बता दें कि प्रताप सिम्हा ने ही आरोपियों सागर शर्मा और मनोरंजन डी के विजिटर पास को अपनी स्वीकृति दी थी। दिल्ली पुलिस जल्द ही ललित झा को राजस्थान के नागौर ले जाने की तैयारी कर रही है, जहां फरारी के दौरान ललित रुका था। साथ ही ललित को उस जगह भी ले जाया जाएगा, जहां उसने अपना और अन्य सभी आरोपियों के मोबाइल फोन तोड़े थे।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर नागपुर से फूंकेगी लोस चुनाव का बिगुल



**नई दिल्ली।** आगामी 28 दिसंबर को 139वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस नागपुर में एक बड़ी रैली आयोजित करेगी, जिसमें अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी लोगों को संबोधित करेंगे। रैली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि नागपुर की रैली के माध्यम से कांग्रेस लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी। नागपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है। इसलिए कांग्रेस की रैली के मायने निकाले जा रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने पार्टी नेता मुकुल वासनिक की उपस्थिति में महाराष्ट्र में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की।

## विधानसभा चुनावों में हुई भारी बढ़ोतरी

उन्होंने बताया कि चार राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के वोट शेयर में भारी बढ़ोतरी हुई है। कर्नाटक के बाद तेलंगाना में भी स्पष्ट बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनी है। वहीं, भाजपा तानाशाही तरीके से काम कर रही है। यहां तक कि देश की संसद तक सुरक्षित नहीं है तो देश कैसे सुरक्षित रहेगा। उन्होंने सवाल किया कि हमलावरों को पास देने वाले भाजपा सांसदों के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

# अयोध्या के राम मंदिर का विशेष लुक

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मंदिर के अभिषेक समारोह (प्राण प्रतिष्ठा) से पहले, श्री राम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम लला मंदिर की पहली मंजिल के चल रहे निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। मंदिर ट्रस्ट ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर चल रहे काम की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, "श्री राम जन्मभूमि मंदिर पहली मंजिल - निर्माण प्रगति। "पिछले हफ्ते ट्रस्ट के महासचिव और वीएचपी नेता चंपत राय ने मंदिर के गर्भगृह की तस्वीरें साझा की थीं। प्रतिष्ठा समारोह में रामलला की मूर्ति को नवनिर्मित राम मंदिर के गर्भगृह में रखा जाएगा। और उसके बाद इसे भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। . राय ने पहले कहा था कि भगवान राम के बाल रूप को दर्शाने वाली मूर्ति 90% तैयार है जिसका निर्माण मंदिर शहर में तीन स्थानों पर किया जा रहा है।



मंदिर ट्रस्ट ने एक्स में साझा की तस्वीरें

## अयोध्या में ही बन रही नई प्रतिमा

राम लला की नई प्रतिमा अयोध्या में ही बन रही हैं। इसे तीन लोग बना रहे हैं। कौन लोग बना रहे हैं इसका खुलासा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की कमेटी समय आने पर करेगी. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय का कहना है, "मूर्ति वही बनाएगा। जो सक्षम है और जो पहले भी मूर्ति बनाने का काम कर चुका है। मूर्ति वही बनाएगा। जो, 100 - 50 मूर्तियां पहने बना चुका है।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


सिंडीकेट बनाकर एक-एक सामान को टार्गेट करके **बढ़ाए जा रहे हैं दाम**



### दस साल पहले 200 रुपए तक गई थी कीमत

कारोबारियों का कहना है कि लहसुन के दाम कभी इतने नहीं हुए थे। करीब दस साल पहले इसकी कीमत थोक में दो सौ रुपए गई थी, लेकिन तब चिल्हर में इसकी कीमत 60 रुपए पाव से ज्यादा नहीं थी। शेष पेज 4 पर

### कम फसल होने का रोना

लहसुन की कीमत इतनी ज्यादा होने का कारण कारोबारी यह बता रहे हैं कि इसकी फसल इस साल कम हुई है। इसके पहले पिछले तीन साल तक मध्यप्रदेश और राजस्थान में डबल फसल होने के शेष पेज 4 पर

## दाल, जीरा, तेल के बाद अब सिंडीकेट ने लहसुन के दाम बढ़ाए

# थोक में 200 से कम, चिल्हर में 350 रुपए

राजकुमार ग्वालानी रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

प्रदेश में मुनाफाखोरी का जमकर खेल चल रहा है। किराना सामान से लेकर हर तरह की सामग्री में एक तरह से पूरे बाजार में सिंडीकेट बन गया है। यह सिंडीकेट एक-एक सामान को टार्गेट करके दाम बढ़ाने का काम कर रहा है। अब लहसुन का ही उदाहरण ले लें। दस माह में इसके दाम दस गुना बढ़ गए हैं। जो लहसुन इस साल फरवरी में चिल्हर में 35 रुपए किलो में बिक रहा था, वह दिसंबर में अब 350 शेष पेज 4 पर

### थोक में कीमत कम

थोक में लहसुन क्वालिटी के हिसाब से 200 से 240 रुपए किलो है। दस साल पहले कीमत दो सौ रुपए गई थी। इतनी ज्यादा कीमत पहली बार हुई है।

- अजय अग्रवाल, अध्यक्ष भनपुरी थोक आलू-प्याज एसोसिएशन



### लहसुन की कीमत में लगी आग

प्याज के बाद अब लहसुन की कीमत में बड़ी आग लग गई है। इतिहास में पहली बार चिल्हर में इसकी कीमत 350 रुपए तक पहुंच गई है। राजधानी रायपुर के अलग-अलग बाजारों में कीमत भी अलग-अलग है। शास्त्री बाजार, भाठागांव, पुरानी बस्ती के सब्जी बाजार में जहां इसकी कीमत 80 रुपए पाव है, वहीं डगनिया बाजार, महोबा बाजार में इसकी कीमत कहीं पर 80 रुपए तो कहीं पर 90 रुपए पाव है। किराना दुकानों में भी यही हाल है, कहीं इसकी कीमत 80 रुपए तो कहीं 90 रुपए पाव है।

### दाल, जीरा, तेल में भी खेल

व्यापारी सिंडीकेट बनाकर काम कर रहे हैं। डेढ़ सौ रुपए में बिकने वाला जीरा इस साल 800 रुपए किलो तक चले गया था, अब इसके दाम कुछ कम हुआ है। जानकार कह रहे हैं कि उत्पादन इतना भी नहीं गिरा है जितनी कीमतें बढ़ गई हैं। ऐसा ही दाल और तेल की कीमतों में खेल किया गया था। दाल 80 से दो सौ रुपए तक बढ़ाई गई थी। व्यापारी एक एक करके चीजों के दाम बढ़ा रहे हैं। लेकिन उत्पादन अधिक होने के बाद भी उनकी कीमतें उतनी कम नहीं होती हैं जितनी बढ़ा दी जाती हैं।

---

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## पहले दिया, फिर वापस लिया पूर्व विधायक ने इस्तीफा

■ कुछ मामलों में व्यक्तिगत नाराजगी के चलते उठाया था कदम



हरिभूमि न्यूज रायपुर

कांग्रेस के पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन मनाने के बाद इस्तीफा वापस ले लिया। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा दिया था। प्रभारी संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने बताया कि उनका व्यक्तिगत मामला था, इसे लेकर वे इस्तीफा पत्र लेकर आए थे। उन्होंने समझाइश के शेष पेज 4 पर

# छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम ने दी 'गारंटी'

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

*छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प में शहरों की बड़ी भूमिका पर जोर दिया। पीएम ने गांव के गरीब से शहर की झुग्गी-झोपड़ी तक योजनाएं पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्धता जताते हुए गारंटी दी कि जो रह गए हैं, उन्हें भी भविष्य में योजनाओं का लाभ मिलेगा।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पांच राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। अब तक चार संवाद ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों से कर चुके पीएम ने शनिवार को शहरी क्षेत्रों के लाभार्थियों पर ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है, तब 'मोदी की गारंटी' शुरू होती है। यह यात्रा अन्य राज्यों में पहले ही शुरू हो गई थी, लेकिन इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की वजह से लागू आदर्श आचार संहिता के कारण इसकी शुरुआत में देरी हुई। मोदी ने विभिन्न राज्यों के उन लाभार्थियों से बातचीत भी की जिन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया है। प्रधानमंत्री ने एक लाभार्थी से बातचीत करते हुए कहा कि देश की 'आत्मनिर्भर' महिलाएं न केवल अपना भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी वरदान बन रही हैं।

**पीएम ने दिखाई हरी झंडी, लाभार्थियों से की बातचीत, शहरों की भूमिका पर दिया जोर**

**चार संवाद ग्रामीण क्षेत्र में की, शनिवार को शहरी लाभार्थियों से जाना हाल**




### मोदी की गारंटी वाली गाड़ी

पीएम मोदी ने कहा, एक जगह जहां पर यात्रा खत्म होती है, वहां से दूसरे गांव या शहर के लोग इस यात्रा की अगुवाई करने लग जाते हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। इस यात्रा को शुरू हुए एक महीना पूरा हो चुका है। इस एक महीने में ये यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर शहर छोटे शहर हैं। उन्होंने कहा, अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन, इनके तहत छोटे शहरों में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है।

बतौर मुख्यमंत्री विष्णुदेव का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम

## सीएम साय बोले- मोदी की हर गारंटी करेंगे पूरी



हरिभूमि न्यूज रायपुर

■ राजधानी रायपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत में शामिल हुए मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में संकल्प यात्रा का आगाज नई दिल्ली से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से रथों को हरी झंडी दिखाकर किया। छत्तीसगढ़ में राजधानी रायपुर के विवेकानंद सरोवर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा के वादे के मुताबिक मोदी की हर गारंटी को पूरा किया शेष पेज 4 पर



### 25 को देंगे दो साल का बोनस

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन हमने कैबिनेट में यह निर्णय लिया है कि 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। छत्तीसगढ़वासियों के आशीर्वाद से हम मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरी करेंगे। मोदी शेष पेज 4 पर

---

# भारत की बेटियों ने बढ़ाया मान...

## वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर से जीता टेस्ट मैच

**347** रन से इंग्लैंड को हराया

स्कोर बोर्ड
भारत: 428/10, 186/6
इंग्लैंड: 136/10, 131/10

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ इकलौते टेस्ट मैच में 347 रन से जीत हासिल की। इस मैच को जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया। उसने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट में इंग्लैंड को हराया। महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी हासिल की। इससे पहले श्रीलंका की महिला टीम ने पाकिस्तान को 1998 में 309 रन से हराया था।




दीप्ति शर्मा
67 रन, 9 विकेट
प्लेयर ऑफ द मैच

### मैच का रोमांच

पहली पारी में 428 रन बनाने के बाद टीम इंडिया ने इंग्लैंड को पहली पारी में 136 रन पर समेट दिया। ऐसे में भारत को पहली पारी में 292 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया ने दूसरी पारी को छह विकेट पर 186 रन पर घोषित कर दिया। इस तरह इंग्लैंड को जीत के लिए 479 रन का लक्ष्य मिला। उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 131 रन पर सिमट गई।






## ट्रक-कार की भिड़ंत में छह लोगों की मौत

**नागपुर।** शहर के बाहरी इलाके में कार और ट्रक के बीच टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक गंभीर रूप से घायल हो गया।



यह दुर्घटना काटोल-कलमेश्वर रोड पर सोनखंब गांव के पास देर रात सवा 12 बजे से दो बजे के बीच हुई। कार सवार सातों लोग शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी उनका वाहन सोयाबीन ले रहे ट्रक से टकरा गया।

## राघव चड्ढा राज्यसभा में आप के नेता नियुक्त

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने अपने सांसद राघव चड्ढा को संजय सिंह के स्थान पर राज्यसभा में पार्टी का नेता



नियुक्त किया है। राज्यसभा सभापति को लिखे पत्र में आप पार्टी के नेतृत्व ने कहा है कि संजय सिंह की अनुपस्थिति में, जिन्हें 'स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं' हैं। राघव चड्ढा अब से उच्च सदन में पार्टी के नेता होंगे।




**इस सप्ताह दो अहम मुद्दों ने सुर्खियां बटोरी। भाजपा ने तीन राज्यों में जीत के बाद नए चेहरे को सीएम बनाकर चौंकाया, तो संसद में वर्ष 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी 13 दिसंबर को कुछेक अराजक लोगों ने घुसपैठ कर स्मोक बम (धुएं) से दहशत फैलाने की कोशिश की। भाजपा के नेतृत्व परिवर्तन का राजनीतिक विश्लेषण जरूरी है, वहीं यह कांग्रेस के अतीत में किए प्रयोग से कैसे अलग है, इसका भी आंकलन आवश्यक है। संसद में धुआं कांड ने संसद की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। कोई अगर दहशत फैलाने के मकसद से स्मोक बम सभी सुरक्षा चक्रों को भेदते हुए संसद के अंदर ले जा सकता है, तो वह खतरनाक रासायनिक हथियार भी ले जा सकता था। संसद की समूची सुरक्षा व्यवस्था की जांच जरूरी है, लेकिन इस पर भी विपक्ष की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। अतीत में संसद पर हमले के अलावा कई बार सुरक्षा चक्र भेदने के मामले भी हुए हैं, ऐसे में इस घटना की गंभीरता का आंकलन करता आजकल का यह अंक...**



संसद में धुआं कांड के आरोपित

# संसद में 'धुआं' आक्रोश या साजिश



**विश्लेषण**
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**13 दिसंबर, 2023 को उसी आतंकी हमले की 22वीं बरसी थी। उसी दिन संसद पर एक और प्रहार किया गया, जिसकी 2001 के आतंकी हमले से तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन यह भी एक किस्म का आतंकवाद ही था। 2001 के हमले में हमारे 9 सुरक्षाकर्मी जवान और एक माली 'शहीद' हो गए थे। आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया था। उसके बाद सुरक्षा-व्यवस्था में जो बदलाव किए गए, उनके मद्देनजर अकसर दावा किया जाता रहा कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन सभी दावे खोखले साबित हुए। क्या आतंकी घुसपैठिए उन तक भी पहुंच सकते हैं? यह सवाल आज घोर चिन्तन-मनन का है। अब सरकार और विपक्ष को इस मुद्दे पर साझा विमर्श करना चाहिए कि संसद में सुरक्षा के चाक-चौबंद बंदोबस्त कैसे किए जा सकते हैं?**

मैं 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर आतंकी हमले का प्रत्यक्ष साक्षी रहा हूं। गुरुवार का दिन था। आसार थे कि ताबूत घोटाले पर संसद में हंगामा होगा और कार्यवाही चल नहीं पाएगी। ऐसा ही हुआ। संसद की कार्यवाही स्थगित होते ही कई सांसद अपने आवास की ओर जाने लगे थे। करीब 11.30 बजे तक संसद परिसर में सब कुछ सामान्य था। बम और विस्फोटकों से लदी एक कार आतंक बरपाने और 'अति विशिष्ट' लोगों को निशाना बनाने परिसर में घुस चुकी थी, इसका न तो सांसदों को इल्म था और न ही सुरक्षा-तंत्र कोई संदेह कर पाया था। करीब 11.40 बजे भयानक विस्फोट और गोलियों की तड़ातड़ आवाज़ ने सभी को चौंका दिया। स्तब्ध और सन्न कर दिया। कइयों के पांव भी लड़खड़ाए। पल भर में साफ़ हो गया कि 'लोकतंत्र के मंदिर' संसद पर भी आतंकी हमला हो चुका था। अंततः तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी और गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की आशंकाएं सच साबित हुईं। उन्होंने अलग-अलग संबोधनों में आशंका जताई थी कि संसद भी 'अलकायदा' के निशाने पर है। बेशक 13 दिसंबर का हमला जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने किया था, लेकिन उनके तार कंधार और तालिबान से जुड़े थे। आतंकियों ने जब हमला किया, तो मैं कुछ पत्रकार साथियों के संग द्वार नंबर 2 से बाहर आ रहा था। पलक झपकते ही एक सुरक्षाकर्मी ने हमें कंकरीट की एक बड़ी-सी शिला की ओट में धकिया दिया था। उसी पल संसद का सायरन गूंज उठा। सेना कमांडो की वर्दी में 5 आतंकवादी एंबेसडर कार नं. डीएल-3 सी जे 1527 के जरिये संसद भवन में घुसे थे। कार पर गृह मंत्रालय और हैविटेट सेंटर, लोदी रोड के स्टीकर चिपके थे और छत पर लाल बत्ती लगी थी। बाद में गृह मंत्रालय का स्टीकर फर्जी निकला। कार द्वार नंबर 11 की तरफ बढ़ी, जहां से तत्कालीन उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति कृष्णकांत और उपसभापति नज़मा हेपतुल्ला भीतर जाते थे। सुरक्षाकर्मियों ने कार की तेज गति को देखते हुए टोका और कार एक पेड़ से जा टकराई। आतंकी बाहर निकले और गेट नंबर 12 और 5 की तरफ बढ़े, जिधर से प्रधानमंत्री अकसर आते-जाते थे। उस दिन प्रश्नकाल में प्रधानमंत्री वाजपेयी को जवाब देने थे, लेकिन कार्यवाही स्थगित होने के कारण वह आवास पर ही थे। बहरहाल, आतंकी हमला हो चुका था।

## एक और प्रहार

13 दिसंबर, 2023 को उसी आतंकी हमले की 22वीं बरसी थी। उसी दिन संसद पर एक और प्रहार किया गया, जिसकी 2001 के आतंकी हमले से तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन यह भी एक किस्म का आतंकवाद ही है। 2001 के हमले में हमारे 9 सुरक्षाकर्मी जवान और एक माली 'शहीद' हो गए थे। आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया था। उसके बाद सुरक्षा-व्यवस्था में जो बदलाव किए गए, उनके मद्देनजर अकसर दावा किया जाता रहा कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन सभी दावे खोखले साबित हुए, जब लोकसभा में 'शून्य-काल' की कार्यवाही चल रही थी और अचानक दो युवकों ने 'दर्शक-दीर्घा' से छलांग लगा दी। कूदने के बाद एक युवक सांसदों की सीटों को फांदता रहा और सदन में अफरा-तफरी मच गई। दहशत में सांसद 'पकड़ो-पकड़ो' चिल्लाने लगे। अचानक एक युवक ने अपना जूता खोला और 'स्मोक कैन' का इस्तेमाल किया। नतीजतन लोकसभा में पीला-सा धुआं फैलने लगा। बसपा सांसद मलूक नागर, आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल और एक सिख सांसद की बहादुरी ने युवक की घेरेबंदी की और सांसदों ने उन घुसपैठियों को दबोच लिया। खूब पिटाई भी की। बाद में मार्शल और सुरक्षाकर्मी आए और युवकों को पकड़ कर बाहर ले गए। सदन की कार्यवाही स्थगित की जा चुकी थी।



संसद के बाहरी इलाके में धारा 144 लागू होती है, लेकिन वहां बाकायदा 6 आरोपी संसद भवन के पास जमा हुए और फिर इस घटना को अंजाम दिया और दिल्ली पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। ऐसे में दिल्ली पुलिस पर सवाल उठना तो लाजिमी है। सूत्रों के मुताबिक, इस संसद सत्र के दौरान करीब 1200 हथियारबंद पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात थे। इनमें करीब 400 से ज्यादा पुलिसकर्मी दूसरे जिलों से यहां ड्यूटी करने आए थे, जबकि बाकी पुलिसकर्मी नई दिल्ली जिला पुलिस के थे। फिर भी संसद के भीतर धुआं कांड हुआ।

## स्पष्ट संदेश

बेशक यह आतंकी हमला नहीं था, लेकिन युवकों के मंसूबे कमतर भी नहीं थे। पीला धुआं संसद के भीतर और बाहर भी फैलाया गया और खूब नारेबाजी की गई। घुसपैठिए धुआं फैला कर स्पष्ट संदेश देना चाहते थे कि भारतीय संसद के भीतर घुसकर हमला भी किया जा सकता है। धुआं ज़हरीला और जानलेवा भी हो सकता था। उन युवकों के पास हथियार या बम भी हो सकते थे, क्योंकि यह रासायनिक अस्त्रों का दौर है। कल्पना कीजिए कि 2001 के आतंकी हमले के दौरान 150-200 सांसदों को 'सेंट्रल हॉल' में बंद रखना पड़ा था। यदि आतंकी अपने हथियारों के संग सदनों के भीतर घुसने में कामयाब हो जाते, तो कितना बड़ा हादसा हो सकता था!

## बदलाव करने की बात

इसी तरह घुसपैठियों द्वारा छोड़ा गया 'पीला धुआं' घातक और विषैला होता, तो उसके अंजाम कुछ भी हो सकते थे! यह सिर्फ सुरक्षा संबंधी गंभीर चूक नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर हमला भी है। खुफिया विभाग की भी नाकामी है। सुरक्षा बंदोबस्त और जांच-पड़ताल में गहरी दरारें हैं। हमारी संसदीय सुरक्षा धातु-आधारित रही है। उसमें जूता,प्लास्टिक और रबड़ आदि रडार पर नहीं आते। अब इसमें बदलाव करने की बात शुरू हो गई है। अब फुल बॉडी स्कैनर लगाने की भी चर्चा शुरू हुई है। दर्शक-दीर्घा में कांच की दीवार बनाई जा सकती है, ताकि सदन में कूदने की किसी भी संभावना को खत्म किया जा सके। यह प्रहार नये संसद भवन में हुआ है। सवाल है कि बीते तीन माह से संसद की सुरक्षा का आईपीएस प्रभारी, संयुक्त सचिव स्तर का अधिकारी, तैनात क्यों नहीं है? सरकार खाली पदों पर सुरक्षाकर्मियों की भर्ती क्यों नहीं कर रही है? क्या सिर्फ स्पीकर के विशेषाधिकार में ही संसद की सुरक्षा छोड़ी जा सकती है? यह संभव ही नहीं है। संसद में देश के प्रधानमंत्री, स्पीकर और सभापति, मंत्री गण और चुने हुए सांसद बैठते हैं और देश की दिशा और दशा तय करने के फैसले लेते हैं। क्या आतंकी घुसपैठिए उन तक भी पहुंच सकते हैं? यह सवाल आज घोर चिन्तन-मनन का है।

संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर 8 सुरक्षाकर्मियों को बेशक सस्पेंड कर दिया गया है, लेकिन सच तो ये भी है कि इसके लिए काफी हद तक दिल्ली पुलिस का नई दिल्ली जिला पुलिस भी जिम्मेदार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि संसद भवन के बाहर की सुरक्षा का जिम्मा दिल्ली पुलिस के पास है। सस्पेंड किए गए सभी आठ सुरक्षाकर्मी लोकसभा सचिवालय के सिक्योरिटी स्टाफ से हैं।

## हंगामा करना महज राजनीति

क्या वे युवक या इस कांड के गिरफ्तार किए गए सभी किरदार 'आतंकवादी' हैं। सभी के व्यक्तिगत खुलासे देश के सामने हैं। एक बात मैं अपने अनुभव से स्पष्ट कर सकता हूं कि संसद के भीतर जाना बिल्कुल भी आसान नहीं है। सांसद के सिफारिशी पत्र के बावजूद दीर्घा तक पहुंचना सरल नहीं है। संसद की कार्यवाही कवर करने वाले पत्रकारों को भी कंप्यूटरीकृत सुरक्षा जांच से गुज़रना पड़ता है। दीर्घा से पहले एक छोटा-सा रिसेप्शन होता है, जहां बैग, मोबाइल, कोई अन्य संवेदनशील वस्तु आदि छोड़ कर आप दीर्घा में जा सकते हैं। दीर्घा में जाने वाले के पास एक पेन और नोटबुक की ही अनुमति है। आरोपितों के खिलाफ आतंकवाद रोधी अधिनियम यूएपीए की धारा 16 और 18 में मामले दर्ज किए गए हैं। आपराधिक साजिश, देश को तोड़ने, सांसदों के काम में बाधा डालने सरीखी धाराएं भी लगाई गई हैं। यूएपीए में ही फांसी या आजीवन कारावास की सजा दी जा सकती है। बेशक उच्चस्तरीय जांच की जा रही है। उसके ठोस निष्कर्षों के बिना गृहमंत्री सदन में वक्तव्य नहीं दे सकते, यह विपक्ष के सांसदों को भी ज्ञात होना चाहिए। लिहाजा लोकसभा में हंगामा करना महज राजनीति है। बेरोज़गारी और महंगाई, यकीनन, राष्ट्रीय समस्याएं हैं, लेकिन वे आतंकवाद या घुसपैठ अथवा किसी प्रहार के जरिये संसद के भीतर नहीं जा सकतीं। लिहाजा विपक्षी सांसद आरोपितों को 'बेचारा बेरोज़गार' या 'भूला-भटका' मत कहें। अभी तो यह यथार्थ सामने आना है कि संसद में कूदने वाले युवक और उनके 'मास्टर माइंड' कौन हैं? किस संगठन से जुड़े हैं या कौन उन्हें फंडिंग कर रहा है? जब कश्मीर में आतंकवाद और जेहाद चरम पर थे, तब भी सियासत की एक जमात युवा आतंकियों को 'भूला-भटका' मानती थी, लेकिन अकेले उस आतंकवाद ने करीब 45,000 जिंदगियां छीन ली थीं। पंजाब और पूर्वोत्तर के आतंकवाद की तो मैं चर्चा ही नहीं कर रहा हूं। और अब तो संसद पर प्रहार किया गया है। यह गंभीर बात है।

## सुरक्षा की समीक्षा

घुसपैठियों की 'शहीद भगत सिंह' या 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस' सरीखों से तुलना करना भी देशद्रोह है। महान क्रांतिकारियों को बदनाम करने का दुस्साहस है। इसका सभी खंडन करें और सोशल मीडिया को भी तलब करें। विपक्ष को यह बताना भी अनिवार्य है कि मैसूर के विवादित भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा से स्पीकर ओम बिरला स्पष्टीकरण ले चुके हैं और जांच समिति भी उनसे पूछताछ करेगी। कमोबेश अब सरकार और विपक्ष को इस मुद्दे पर साझा विमर्श करना चाहिए कि संसद में सुरक्षा के चाक-चौबंद बंदोबस्त कैसे किए जा सकते हैं? सुरक्षित होना जरूरी है।

# भविष्य के नजरिये से परखें नेतृत्व परिवर्तन को



**तीन नए सीएम**
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

अपने फायदे के लिए राजनीति बेशक जज्बात का इस्तेमाल करती है, लेकिन असलियत में वह बेहद निर्मम होती है। इसे बिडंबना ही कहेंगे कि राजनीति जिस बुनियाद पर, जिसके नाम पर कदम-दर-कदम आगे बढ़ती है, वह लोक स्वभाव से कहीं ज्यादा भावुक होता है। हर चुनावों के बाद जज्बात का यह रेला उमड़ता है और कई बार इतिहास के कूड़ेदान में कहीं खो जाता है। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव और तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत के बाद भाजपा ने जिस तरह के कदम उठाए हैं, उसके बाद जज्जातों का यह रेला एक बार फिर दिख रहा है। भाजपा के प्रशंसक और वोटर वर्ग में जहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान के लिए भावनाओं का यह ज्वार कहीं ज्यादा उमड़ा दिख रहा है। दिलचस्प यह है कि जज्बात का यह रेला मोदी विरोधी मीडिया और राजनीति की ओर से भी हिलोरें लेता नजर आ रहा है, जो शिवराज के लिए बेचारा भाव दिखाते हुए मोदी-शाह की जोड़ी की रणनीति पर सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि प्रशंसकों व मोदी विरोधी सियासी मोर्चे की भावुकता में भी राजनीति है। मोदी विरोधी खेमे की भावुकता में राजनीति की चाशनी ज्यादा है।

लेकिन सवाल यह है कि क्या नरेंद्र मोदी-अमित शाह की जोड़ी ही भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास की पहली शख़्सियत है, जो जज्बात और पारंपरिक राजनीतिक मुहावरों को किनारे रख रही है? यादों की खोह से जब हम गुजरेंगे तो हमें पता चलेगा कि यह पहला मौका नहीं है, जब किसी विजेता मुख्यमंत्री को अगली सरकार के नेतृत्व से वंचित कर दिया गया।

याद कीजिए, 1985 के विधानसभा चुनावों को। जिस मध्य प्रदेश के शिवराज को लेकर जज्बातों का ज्वार उमड़ रहा है, उसी मध्य प्रदेश और बिहार में 1985 में विधानसभा चुनाव हुए थे। मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की अगुआई में कांग्रेस चुनाव मैदान में उतरी थी। बेशक इंदिरा गांधी की हत्या की याद ताजा थी। लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भोपाल गैस त्रासदी से उपजे जख्म भी ताजे थे। कांग्रेस को ना सिर्फ जीत मिली, बल्कि पिछले 1980 के चुनावों की तुलना में दो सीटें ज्यादा यानी 250 सीटों पर जीत मिली थी। कुछ-कुछ आज ही की तरह के तब भी हालात थे। विपक्षी भाजपा की सीटें 60 से घटकर 58 रह गई थीं। यहां जान लेना जरूरी है कि तब मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ अलग नहीं हुआ था। उस दौरान मध्य प्रदेश की विधानसभा में 320 सीटें होती थीं। अव्वल तो इस जीत का श्रेय अर्जुन सिंह को जाता था। इस लिहाज से एक बार फिर उन्हें ही राज्य की कमान मिलनी चाहिए थी। अर्जुन सिंह की आस बेमानी भी नहीं थी। लेकिन राजीव गांधी ने उनकी जगह पूर्व पत्रकार और कभी राजनादगांव जिले के खबरनवीस रहे मोतीलाल वोरा को कमान सौंप दी थी। मोतीलाल ने राजनीति की शुरूआत सोशलिस्ट पार्टी से की थी। तब भी मध्य प्रदेश कांग्रेस में कई लोग ऐसे रहे होंगे, जिन्होंने कांग्रेसी राजनीतिक माहौल में ना सिर्फ सांस लेना शुरू किया होगा, बल्कि उनका सियासी कद आसमान छू रहा होगा। लेकिन राजीव गांधी ने मोतीलाल वोरा पर भरोसा किया।

1985 के ही शुरूआती महीनों में बिहार में भी विधानसभा के चुनाव हुए। तब कांग्रेसी सरकार की अगुआई चंद्रशेखर सिंह कर रहे थे। उनकी अगुआई में बिहार विधानसभा की 324 सीटों में से कांग्रेस ने 196 सीटों पर भारी जीत मिली थी, जबकि इसके ठीक पहले 1980 में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को 169 सीटों पर जीत मिली थी। 1980 के चुनावों के आंकड़ों के हिसाब से देखें तो 1985 की जीत के लिए कुछ हद तक चंद्रशेखर सिंह को भी श्रेय दिया जाना चाहिए। इस लिहाज से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर उनका हक बनता था। पिछले चुनाव की तुलना में 27 सीटें ज्यादा जीतने की वजह से उनका दावा और भी मजबूत था। लेकिन राजीव गांधी ने मध्य प्रदेश की तरह चंद्रशेखर सिंह की बजाय बिंदेश्वरी दुबे पर भरोसा किया और उन्हें कांग्रेसी ताज सौंप दिया गया। यह पता नहीं है कि 1985 में अर्जुन सिंह और चंद्रशेखर सिंह को लेकर आज के शिवराज के पक्ष में उठे जज्बात की तरह कोई लहर चली या नहीं। बहरहाल ऐसे में यह मानना कि शिवराज को मौका ना मिलना भारतीय राजनीति के लिए कोई पहली घटना है, वह गलत है, ऐसा अतीत में भी हो चुका है।



राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में जिस तरह जमे-जमाए नेताओं को मौका न देकर भाजपा ने जिस तरह नए व अनजान जैसे नेताओं को कमान सौंपी है, उसकी भाजपा से ज्यादा विरोधी खेमे की ओर से आलोचनाएं हो रही हैं। कहा जा रहा है कि मोदी-शाह का कदम प्रचलित राजनीतिक सिद्धांतों की बलि है। भाजपा में भी पहली बार ऐसा नहीं हो रहा है। याद कीजिए, 2003 के मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनावों को। तब मध्य प्रदेश में सुंदरलाल पटवा, गौरीशंकर शेजवार, विक्रम वर्मा, कैलाशचंद्र जोशी जैसे कद्दावर नेता मौजूद थे, लेकिन भाजपा ने उनकी तुलना में अपेक्षाकृत नई और युवा नेता उमा भारती को चुना। उमा भारती ने भी बीजेपी को निराश नहीं किया और 2003 में भाजपा को राज्य में भारी जीत मिली। इसी तरह जब उसी साल वसुंधरा पर भाजपा ने राजस्थान के लिए भरोसा जताया, तब बेशक राजस्थान भाजपा के दिग्गज भैरो सिंह शेखावत उपराष्ट्रपति बन चुके थे। उनके बाद ललित किशोर चतुर्वेदी, गुलाब चंद कटारिया, हरिशंकर भाभड़ा जैसे दिग्गज नेता तब राजस्थानी राजनीति में सक्रिय थे। जसवंत सिंह को भी इसी श्रेणी में रख सकते हैं, लेकिन पार्टी ने उनकी तुलना में नई वसुंधरा पर भरोसा जताया और उन्हें कमान सौंप दी। कुछ इसी तरह 2001 में गुजरात में नरेंद्र मोदी को भी कमान सौंपी गई। जबकि वहां केशुभाई पटेल, शंकर सिंह बाघेला, सुरेश राणा जैसे दिग्गज नेता पहले से ही थे, लेकिन पार्टी ने मोदी पर भरोसा जताया। इन नेताओं ने अपनी परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन किया। अपने संगठन को भी ऊंचाई तक पहुंचाया और अपनी सरकारों को भी। 2001 के गुजरात के नए नेतृत्व की ताकत तो अब देश देख रहा है। नरेंद्र मोदी देश ही नहीं वैश्विक क्षितिज पर छा गए हैं। इन संदर्भों में कह सकते हैं कि भाजपा ने तीनों राज्यों में जिन नए नेतृत्वों पर भरोसा जताया है, उसकी भी वजह यही रही है कि ये संगठन और परिदृश्य को भविष्य में नई ऊँचाइयां देंगे।

इन अर्थों में कांग्रेस में बदले गए नेतृत्व को भी परखना होगा। यह देखना होगा कि उन्होंने किस तरह अपनी पार्टी को फायदा पहुंचाया। एमपी में मोतीलाल वोरा को देखिए। वे अगली बार अपनी सरकार को वापस नहीं जिता पाए। यही स्थिति बिहार में भी हुआ। बिंदेश्वरी दुबे 3 साल बाद ही हटा दिए गए। जगन्नाथ मिश्र आए। उसके बाद कांग्रेस बिहार में लौट ही नहीं पाई।

दरअसल कांग्रेसी और भाजपायी नेतृत्व परिवर्तन में सोच और दृष्टि को लेकर काफी अंतर है। बीजेपी के बारे में कहा जा सकता है कि नेतृत्व परिवर्तन की वजह नए नेतृत्व को उभारना और उसके जरिए संगठन को भविष्य के अनुरूप तैयार करना है, जबकि कांग्रेसी नेतृत्व परिवर्तन में या तो आलाकमान की अपनी पसंद-नापसंद दिखती रही है या फिर क्षत्रपों की मठाधीशी। कांग्रेसी राजनीतिक हल्के में यह प्रवृत्ति बीते विधानसभा चुनावों में भी दिखी। अगर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने नए नेतृत्व के लिए राह खाली की होती या उन्हें मौका दिया होता, कुछ ऐसी सोच अशोक गहलोत की रहती तो शायद कांग्रेस के लिए चुनावी नतीजे ऐसे नहीं होते। लेकिन दोनों राज्यों में स्थापित नेतृत्व की दबंगई कायम रही। कांग्रेस का आलाकमान भी इनके सामने दयनीय रहा। तेलंगाना में उसने नए नेतृत्व पर भरोसा जताया और हालात बदल कर रख दिया।

कांग्रेसी हल्के में नेतृत्व परिवर्तन के पीछे दूरंदेशी अंदाज कम नजर आता है, जबकि बीजेपी की सोच इसके उलट नजर आती है। हो सकता है कि नेतृत्व परिवर्तन के पीछे बीजेपी आलाकमान की अपनी पसंद और नापसंद भी रही हो, लेकिन मोटे तौर पर यह दृष्टिगोचर नहीं हो रहा। इसीलिए शायद बीजेपी लगातार आगे बढ़ती दिख रही है।

# विरोध का तरीका सही नहीं



**धुआं कांड**
सुरेश हिंदुस्थानी
वरिष्ठ पत्रकार

लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया है। रचनात्मक विरोध लोकतंत्र को और भी मजबूत बनाता है, लेकिन अभी लोकसभा के अंदर जिस प्रकार से कुछ अराजक लोगों ने धुआं कांड करके दहशत पैदा करने की कोशिश की, वह अक्षम्य है। ऐसे अराजकों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए, पर उससे भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस कांड पर राजनीति हो रही है। तथ्यात्मक बात यह है कि विपक्षी दलों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग के बजाय सरकार को निशाने पर लिया है। सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है, इसलिए सरकार की ओर से इस मामले में जिम्मेदारी वाला व्यवहार किया ही जाना चाहिए, लेकिन विपक्ष का रवैया भी देश हित का होना चाहिए, क्योंकि अपराध को लेकर राजनीति करना देश के लिए घातक है। यहां सुरक्षा में चूक तो है ही, इसके लिए सुरक्षा एजेंसियां अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकतीं।

वर्तमान में देश की सभी समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लेना एक आम बात होती जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता की मर्यादाओं को भी लांघने का कृत्य भी यदा-कदा दिखाई देता है। यह बात सही है कि विविधता वाले भारत देश में कोई एक बात सबको सही लगे, यह हो ही नहीं सकता, लेकिन लोकतंत्र यही कहता है कि विरोध जताने का तरीका अहिंसक, लोकतांत्रिक व शांतिपूर्ण होना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थ व्यक्ति को अधिकांशतः गलत मार्ग पर ही ले जाने के लिए प्रेरित करता है। विपक्ष का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है। विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले सवाल जायज हैं, लेकिन सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक रूप से उठाना अत्यंत गंभीर है। विपक्षी दल के सांसद भी देश की संसद का हिस्सा हैं, इसलिए उनकी भी भारत की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जिम्मेदारी कम नहीं होती। सरकार के हर कदम की आलोचना करना मात्र ही राजनीति नहीं होती। राजनीति में देश भाव दिखना चाहिए।

आज देश का राजनीतिक वातावरण एक प्रकार से प्रदूषित जैसा दिखाई देता है। देश में इस राजनीतिक प्रदूषण के लिए हर राजनीतिक दल जिम्मेदार है, क्योंकि आज के राजनीतिक दल एक दूसरे को नीचा दिखाने और स्वयं को स्थापित करने की राजनीति करते दिखाई देते हैं। वास्तविकता यह है कि इस प्रकार की राजनीति किसी भी प्रकार से देश हितैषी नहीं कही जा सकती, लेकिन सवाल यह भी है कि संसद की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए कुछ लोग असंसदीय हरकत कर देते हैं। यह घटना सरकार के सुरक्षा इंतजामों पर गहरे सवाल अंकित करती है। अगर विपक्षी दल सरकार के गृह मंत्री पर सवाल उठाते हैं तो इसमें गलत क्या है। गृह मंत्री को जवाब देना ही चाहिए, क्योंकि गृहमंत्री जवाब नहीं देंगे तो कौन देगा? यहां पर सवाल यह भी आता है कि अगर गृह मंत्री जवाब देने के लिए आते हैं तो क्या विपक्ष उनको सुनने को तैयार होगा? ऐसा इसलिए कि कई बार विपक्षी दल चर्चा से भागे हैं। हालांकि सुरक्षा बलों ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार होने वाले आरोपियों से पूछताछ हो रही है।

इस घटना को चाहे कुछ भी रूप दिया जाए, लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि इन सभी ने कानून अपने हाथ में लिया है। विपक्षी नेता इन आरोपियों के बारे में यह वकालत करते दिखते हैं कि वह बेरोजगारी के कारण मोदी सरकार से दुखी थे, और वे सरकार के विरोध में आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। परंतु विपक्षी दलों को यह भी समझना चाहिए कि क्या आक्रोश व्यक्त करने का यह तरीका ठीक था? इसका प्रथम दृष्टया उत्तर यही होगा कि विरोध करने का स्थान संसद नहीं होना चाहिए। जैसे विरोध के अन्य आंदोलन होते हैं, वैसे ही लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना चाहिए। यहां एक सवाल यह भी आ रहा है कि जो विरोध करने वाले हैं, उनको संबल कौन दे रहा है? उनके पीछे कौन हैं? भाजपा के वे सांसद जिन्होंने इन धुआं कांड के आरोपियों का पास बनवाने में सहयोग किया, आखिर उनसे चूक कैसी हुई? क्या वे सांसद भी धुआं कांड की साजिश करने वालों के शिकार बन गए? पास बनवाने में मदद करने वाले की भूमिका की जांच होनी चाहिए। संसद में हुई घटना के निहितार्थ कुछ भी हों, लेकिन सुरक्षा का विषय कभी राजनीतिक नहीं होना चाहिए। आरोपियों की कार्यवाही के बाद लोकसभा में जिस प्रकार का दृश्य दिखाई दिया, उससे एक भय पैदा हुआ। सांसद इधर उधर भागने लगे। आतंक की स्थिति निर्मित हो गई थी। यह एक प्रकार से सुरक्षा बलों की नाकामी ही थी। और भी बड़ी घटना हो सकती थी, क्योंकि आरोपी जिस प्रकार से संसद के अंदर पहुंचने में सफल हो गए, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि ऐसे ही खतरनाक इरादों वाले भी पहुंच सकते थे। इसके बाद फिर वैसा ही दृश्य उपस्थित होने में देर नहीं लगती, जो 2001 में 13 दिसंबर को दिखाई दिया था। सवाल यह भी है कि आरोपियों ने इसी दिन को क्यों चुना? क्या इसके तार भी उस घटना से जुड़े हैं। इस बात की जांच की जानी चाहिए। खैर, जो भी हो घटना को हल्के में नहीं लेना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष को भी इसकी गंभीरता समझना चाहिए, क्योंकि यह सब सुनियोजित तरीके से किया गया था। नारे लगाना और स्मोक बम फोड़ना उस स्थान पर सामान्य बात नहीं है, जहां ऐसा करना प्रतिबंधित हो। इस घटना को देश मानस के हिसाब से देखना चाहिए, राजनीतिक दृष्टि से नहीं।



## डी-माइनिंग के दौरान 21 आईईडी बरामद, मौके पर किया गया निष्क्रिय



**बीजापुर।** पालनार-सावनार के मध्य माओवादियों द्वारा लगाये गये 21 आईईडी बरामद किया गया। पालनार से सावनार के मध्य चल रहे सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा ड्यूटी के लिए डीआरजी, बस्तर फाइटर, केरिपु 85, 222, कोबरा 202 एवं 222 बीडीएस व बीडीएस बीजापुर की टीम डी-माईनिंग पर निकली थी। इस दौरान पालनार-सावनार रोड के मध्य आईईडी बरामद किया गया। माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से 10-20-50 मीटर की दूरी पर 3 से 5 किलो के 21 आईईडी प्रेशर स्वीच सिस्टम से लगाये गये थे। आईईडी रोड के किनारे पेड़ के छांव में लगाये गये थे। सुरक्षा बलों की सतर्कता एवं सुझबुझ से माओवादियों के नापाक मंसूबो को विफल करते हुए आईईडी को मौके पर निष्क्रिय किया गया। क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए पालनार में फारवर्ड बेस कैम्प स्थापित किया गया है। कैम्प स्थापना के बाद से क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

# ग्राम कोड़ेजुंगा में भालू का आतंक, घर में घुसा, परिजनों ने दहशत में गुजारी रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- रोज शाम ढलते ही भालू पहाड़ियों ने उतरकर सड़क और गलियों में नजर आते है





विकासखंड कांकेर के ग्राम कोड़ेजुंगा में भालू सोनवानी परिवार के घर में घुस गया। भालू के घुसने से पूरे परिवार ने डर के साए में रात गुजारी। गांव में भालू घरों का दरवाजा तोड़कर घुस रहा है, जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। शाम ढलते ही भालू सड़क की गलियों में पहाड़ से उतर आते हैं। पहाड़ी में भालू को भोजन नहीं मिलने से बस्तियों में भोजन की तलाश में पहुंच रहे हैं।

कांकेर जिला मुख्यालय से चार किमी दूर ग्राम कोड़ेजुंगा में 15 दिसंबर की रात 11 बजे अनुसूईया सोनवानी के घर बाऊंड्रीवाल पारकर टिन का दरवाजा को तोड़कर भालू अंदर घुस गया था। किचन में पहुंच भालू ने डिब्बे में रखा तेल पी लिया, दो पैकेट गुड़ खा गया और शक्कर खा गया। बोतल में भरा शहद भी पी गया, इसके बाद बाड़ी में घूमता रहा। परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में थे तथा अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था।

पहले तो परिजनों ने सोचा भालू खा पीकर लौट जाएगा, लेकिन भालू पूरी रात तक हंगामा करता रहा। भालू के घर में घुसने से परिवार ने डर के साए में रात गुजारी, रातभर सोनवानी परिवार सो नहीं पाया।

भालू ने दूसरे कमरे का दरवाजा भी तोड़ने प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाया। परिवार के लोगों ने रात में ही वन विभाग कर्मचारी को फोन किया लेकिन मोबाईल नहीं उठाया वहीं 16 दिसंबर की सुबह 5 बजकर 45 बजे फोन वन विभाग के अमले ने उठाया।

वन रक्षक चेतन पवार मौके पर सबसे पहले पहुंचे, जिसकी आहट से भालू बाऊंड्रीवाल कूदकर भाग गया। इसके बाद डिप्टी रेंजर दीनदयाल निषाद, परिसर रक्षक चंद्रमोहन त्रेता, वनपाल विमल ठाकुर पहुंचे, जिन्होने भालू पर नजर रखी और बस्ती से बाहर जाने दिया।

# पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जवानों ने नक्सल कैंप किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बीजापुर जिले के कोरमा के जंगलों में शनिवार सुबह लगभग 7 बजे पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात जवानों ने नक्सलियों के अस्थाई कैंप को ध्वस्त किया है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोडियम, गंगालूर एलओएस कमांडर दुला कारम, गंगालूर एरिया आरपीसी कमलू पुनेम एवं 15 से 20 अन्य सशस्त्र नक्सलियों के कोरमा-मुनगा के जंगलों में उपस्थिति की जानकारी मिली थी। जिसके बाद डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 की संयुक्त टीम को कोरमा-मुनगा के जंगलों में सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। सुबह 7 बजे जवानों को जंगल में आता देख नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब देते हुए जवाबी फायरिंग की। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली अपना अस्थाई कैंप छोड़कर जंगल की आड़ लेकर भागने में कामयाब हो गए। जवानों ने नक्सलियों के जंगल में अस्थाई कैंप को ध्वस्त कर दिया। वहीं नक्सलियों के कैंप से भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाइयां, नक्सली वर्दी, प्रचार-प्रसार की सामग्री, नक्सली साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। वहीं लगातार क्षेत्र में गश्त जारी है।

## डीएकेएमएस उपाध्यक्ष गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा।** पुलिस के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत शनिवार प्रातः थाना बारसूर क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स दन्तेवाड़ा का बल ग्राम मंगनार, कोषलनार एवं तोड़मा के जंगल पहाड़ी की ओर नक्सल गश्त, सर्चिंग पर रवाना हुई थी। इस दौरान ग्राम मंगनार के जंगल पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगा। जिसे पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। अपना नाम बुधू मण्डावी पिता स्व. डुम्मा मण्डावी उम्र लगभग 43 वर्ष निवासी तोड़मा स्कूलपारा थाना बारसूर जिला बीजापुर तोड़मा पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष के पद पर कार्य करना बताया।






## जैकेट के शेष

### हरिभूमि ने एक ही ....

उपयोग किया जा रहा है। सोसाइटी प्रबंधक व अध्यक्षों का कहना है कि हर साल धान खरीदी से पहले मशीनों का सत्यापन कराया जाता है, जिसका प्रमाण पत्र भी मिलता है। इसके आधार पर ही इन मशीनों का उपयोग कर धान की नमी मापी जाती है।

**धमतरी में यही हाल:** धमतरी के तरसींवा खरीदी केंद्र के मास्चर मीटर में धान में माइस्चर की मात्रा 21.4 प्रतिशत आई। इसी धान के सेंपल को जब कुरमातराई धान खरीदी केंद्र के मास्चर मीटर से चेक किया गया तो मास्चर की मात्रा 18.30 प्रतिशत आई। देमार खरीदी केंद्र के मास्चर मीटर ने इसी सेंपल में 19 प्रतिशत मास्चर रीड किया। एक ही धान के सेंपल का अलग-अलग खरीदी केंद्रों के मास्चर में रीडिंग अलग-अलग आना इन मशीनों की रीडिंग की शुद्धता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

**बिलासपुर, जांजगीर और रायगढ़ में यही हाल:** हरिभूमि ने बिलासपुर, जांजगीर और रायगढ़ में धान लेकर इस बारे में जायजा लिया तो एक ही धान में अलग-अलग केन्द्रों में नमी की रीडिंग अलग पाई गई। इस बारे में अधिकारी भी बोलने को कुछ तैयार नहीं है। इतना कहा जा रहा है कि मशीन में आई नमी के हिसाब से ही खरीदी हो रही है। राज्य सरकार ने धान की सरकारी खरीदी के लिए जो मानक तय किए गए हैं, उसमें नमी का फंडा काफी गजब का है। अधिकारियों का कहना है कि 17 प्रतिशत से अधिक नमी होने पर धान की खरीद नहीं हो सकती है और इस समय जो धान आ रहा है, उसमें नमी का प्रतिशत 20 से 25 है, जिसके कारण क्रय केंद्रों पर धान की खरीद नहीं हो पा रही है। **नगरनार लेम्प्स का धान लैम्प्स सेमरा में 13.8 परसेंट बराबर पाया गया** : जगदलपुर। हरिभूमि इसकी सच्चाई से अवगत होने नगरनार लेम्प्स में धान का वजन किया और नमी मापी यंत्र से धान की नमी लेते पड़ताल किया। फिर उसी धान का कुछ मात्रा लेकर जब सेमरा लैम्प्स के नमी मापी यंत्र से पड़ताल किया तो सेमरा में भी 13.8 परसेंट नमी डिजिटल मशीन दिखाया। इससे यह समझ में आ गया कि लैम्प्स प्रबंधक किसी तरह का रिस्क नहीं ले रहे है। कारण शासन से सूखती के बदले उन्हें कम राशि दी जाती है।

**धान में नमी मापने के यंत्र में नजर आ रहा खोट:** तखतपुर। जिले में धान खरीदी शुरू होते ही किसानों की शिकायतें भी सामने आने लगी है। सरकार ने नमीयुक्त धान खरीदने की सीमा तय की है, इसके लिए खरीदी केंद्रों में नमी नापने के लिए यंत्र भी दिए गए हैं, लेकिन इस यंत्र में खोट नजर आ रहा है। हरिभूमि की टीम ने जब एक ही धान के सैंपल को लेकर अलग-अलग खरीदी केंद्रों में नमी की जांच कराई तो सभी जगहों पर यंत्र में अलग-अलग नाप दिखाई दिया।

धान खरीदी केंद्र के संस्था प्रबंधक दुष्यंत सिंह बैस ने बताया कि 17 प्रतिशत नमी होने पर धान नहीं लिया जाता है। इससे कम नमी आने पर ही धान की खरीदी की जाती है। हरिभूमि टीम ने जब एक कट्टा धान को लेकर नमी को नापा तो यहां पर धान की नमी 12.6 प्रतिशत रही। इसी धान को लेकर जब ग्राम बीजा के धान खरीदी केंद्र में नापा गया तो 13 प्रतिशत, ग्राम दैजा में 13.1 प्रतिशत, ग्राम ढनढन में 12.7 प्रतिशत, ग्राम नगोई में 13.5 प्रतिशत नमी पाया गया। धान के एक ही सैपल को लेकर अलग अलग खरीदी केंद्रों में जाकर नमी नापा गया तब अलग अलग प्रतिशत सामने आया। ऐसे में किसान किसी धान खरीदी केंद्र में धान लेकर जाएगा तब उसकी नमी की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होने लगा है।

**सड़क अतरिया:** शुक्रवार को कुकुरमुड़ा धान खरीदी केन्द्र में पहुंचे एक किसान का पतला धान की नमी 13.4 मापा गया। वही धान सण्डी उपार्जन केन्द्र में नमी मापने पर 13 आया। इसी प्रकार सण्ड़ी उपार्जन केन्द्र का मोटा धान जिसकी नमी 13.8 आया था तथा उस धान को कुकुरमुड़ा केन्द्र में मापने पर 13.2 आया। ज्ञात हो कि विभाग के निर्देशानुसार केन्द्रों में 17 प्रतिशत से अधिक नमी युक्त धान नही खरीदा जाता है। केंद्र में किसानों को साफ सुथरा और धान सुखाकर लाने की अपील किया जाता रहा है।

### जांजगीर में नमी ....

नमी वाला रहा। इस बारे में समिति के प्रबंधक जवाब देने से बचते रहे। इसी तरह सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लाक के दतौत खरीदी केन्द्र में धान की नमी 13 प्रतिशत, आमगांव केन्द्र में 12 प्रतिशत और कशीगढ़ में 12 प्रतिशत पाई गई। सत्यापन के बाद उपयोग- मॉश्चर मापने के लिए सोसाइटी में पुरानी मशीन का उपयोग कर रहे हैं। उपयोग करने से पहला इसका सत्यापन कराया है। सभी सोसाइटी में धान खरीदी से पहले मॉश्चर मीटर का सत्यापन कराना अनिवार्य है। खराब होने पर नई मशीन की खरीदी सोसाइटी को करना पड़ता है।

विजय ठाकुर, अध्यक्ष सेजबहार सहकारी सोसाइटी

### एक में रिजेक्ट, दूसरे में ....

जाना बताया गया।

पुराने मॉडल के मीटर में माप का ज्यादा अंतर

कई सोसाइटियों में नए मॉडल के मीटर भी है। नए मशीन में एक मुठ्ठी तक धान डालकर नमी मापी जाती है। लेकिन पुराने मॉडल की मशीन में धान को मापने की अलग विधि है। इस मशीन में एक छोटा होल रहता है जिसमें 8-10 धान के दाने डाले जाते हैं फिर मशीन में एक घुमाने वाला बटन दिया गया है। इसे घुमाने पर धान में कितनी नमी है इसका प्रतिशत स्क्रीन पर दिखाई देता है। इस बटन को तीन बार तक घुमाया जा सकता है। वैसे तो बटन के दो बार घुमाने में ही धान के नमी का प्रतिशत दिखाई देने लगता है, लेकिन इसे तीन बार घुमाया जाता है कि मशीन में पहले आए प्रतिशत से कम यो ज्यादा दिखाई देता है। इस तरह पुराने मॉडल मशीन में भी धान के मापने में अंतर है।

### 3 समितियों के ....

आया और जब उसी धान को विचारपुर सेवा सहकारी समिति में मापा गया तो मशीन के डिस्प्ले में धान में 13.50 प्रतिशत नमी दिखाया अर्थात 50 प्रतिशत नमी और बढ़ गया। इस प्रकार महज एक घंटे के अंदर प्लास्टिक बोरे में भरकर बाइक से ले जाए गए धान में 90 प्रतिशत नमी में उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

